ELearning Study Material
By Prof YADWENDRA SINGH
MAHARAJA COLLEGE ARA
VKS UNIVERSITY ARA BIHAR
BA Part ~~THIRD~~ THIRD ECONOMICS
HONS PAPER SIX

American Tariff Policy

अमेरिकी प्रशुल्क (तटकर) नीति

अमेरिका में पहला प्रशुल्क अधिनियम 1789 ई० मे ही अर्थात अमेरिकी संविधान को स्वीकृत होने के ठीक एक वर्ष बाद हीं बनाया गया था। इसलिए कहा जाता है कि अमेरिकी प्रशुल्क नीति अमेरिकी राष्ट्र के साथ साथ प्रारम्भ होती है। अमेरिकी गृह-युद्ध का एक बड़ा कारण प्रशुल्क नीति ही था। गृह युद्ध के बाद तीव्र गति से औद्योगीकरण का एक प्रमुख आधार भी प्रशुल्क नीति ही था। सामान्यत धनी वर्ग का प्रतिनिधित्व करने के कारण रिपब्लिकन दल संरक्षण नीति का समर्थन करता रहा है जबकि ~~[illegible]~~ सामान्य व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने के कारण डेमोक्रेटिक दल संरक्षण नीति (Protection Policy) को पसन्द नही करता रहा है।

इसलिए अमेरिका की प्रशुल्क नीति कौन दल सत्ताधारी है इस तथ्य पर निर्भर रही है।

राजस्व प्रशुल्क काल

Era of Revenue Tariffs

~~[illegible]~~ प्रथम अमेरिकी प्रशुल्क नीति वाशिंगटन के राष्ट्रपति बनने के केवल दो महिने बाद ही अपनायी गयी थी तथापि सन् 1816 तक जो भी प्रशुल्क नीतियाँ अपनायी गयी उनका उद्देश्य मुख्यतः राजस्व प्राप्त करना था। यदि वे साथ ही साथ उद्योग को संरक्षण भी दिये तो यह एक प्रकार से आकस्मिक घटना ही था। 1789 का प्रशुल्क अधिनियम पहला प्रशुल्क अधिनियम था जिसके अनुसार मूल्य के अनुसार औसतन 8.5 प्रतिशत का एक प्रशुल्क कर लगाया गया। इसमें अमेरिकी जहाजों पर आने वाले समानों के लिए 20 प्रतिशत की छूट थी। इस प्रकार इस अधिनियम के अनुसार प्रशुल्क करों की दर बहुत ही निम्न थी। जब 1812 ई० के युद्ध के बाद युद्धकाल में स्थापित नये उद्योगों के लिए विदेशी प्रतियोगिता का सामना करना कठिन हो गया तो अमेरिका में शिशु उद्योग तर्क (infant industry argument) के आधार पर संरक्षणात्मक करों की माँग की जाने लगी।